रिपोर्ट
अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2026

रविवार, दिनांक 8 फरवरी 2026 को एन.डी.एम.सी. कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में 'हिंदी विकास मंच' के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रति विद्यार्थियों में रुचि जागृत करना तथा उसके अध्ययन, प्रयोग और प्रचार-प्रसार को वैश्विक मंच पर प्रोत्साहित करना था।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, कानपुर की कक्षा 3 की मेधावी छात्रा आद्या मिश्रा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार स्वरूप विशिष्ट योग्यता प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही, हिंदी के विकास एवं उत्थान के लिए निरंतर एवं प्रभावशाली प्रयासों के फलस्वरूप सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, कानपुर ,को सर्वोत्तम सक्रिय प्रतिभागिता के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इसी कार्यक्रम में, हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विद्यालय की शिक्षिकाओं - श्रीमती नीराजना दुबे, श्रीमती रत्नांजलि मिश्रा एवं श्रीमती सलोनी शुक्ला को प्रतिष्ठित ' **भाषा सारथी सम्मान** ' प्रदान किया गया।

यह आयोजन हिंदी भाषा की समृद्ध परंपरा, उसकी वैश्विक स्वीकार्यता तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों की सृजनात्मक सहभागिता का सजीव उदाहरण रहा। समारोह ने सभी प्रतिभागियों को हिंदी के प्रति और अधिक समर्पण तथा उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की।